Cirrus CMYK Graphics (P.) Ltd.

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2006-2007

सत्यमेव जयते

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

Ministry of Minority Affairs

भारत सरकार

Government of India

Cirrus CMYK Graphics (P.) Ltd.

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT
2006-2007

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
Ministry of Minority Affairs

भारत सरकार
Government of India

Web-site: www.minorityaffairs.gov.in

विषय सूची

अध्याय	शीर्षक	पृष्ठ
1.	प्रस्तावना	1-5
2.	विशिष्टितायें	5-9
3.	अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम	10-11
4.	कोचिंग और सम्बद्ध सहायता की योजना	12
5.	अल्पसंख्यक समुदायों से संबधित छात्रों के लिए मैरिट–एवं–साधन आधारित छात्रवृत्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना	13
6.	सांविधिक/वैधानिक/स्वायत्त निकाय/निगम/आयोग	14
7.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग	15-18
8.	वक्फ प्रशासन एवं केंद्रीय वक्फ परिषद्	19-23
9.	ख़्वाजा दरगाह साहेब अधिनियम, 1955 का प्रशासन	24
10.	भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त	25
11.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम	26-28
12.	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान	29-31
13.	राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग	32
14.	उत्तर पूर्वी राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन	33
15.	महिला–पुरूष संबंधी मुद्दे	34
	संलग्नक	35-51

अध्याय 1

प्रस्तावना

संगठन

1.1 अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों पर एक अधिक केंद्रित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने और अल्पसंख्यक समुदायों के लाभ के लिए समग्र नीति तैयार करने, योजना, समन्वय, निगमित ढ़ाँचे एवं विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा समीक्षा करने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नामक एक नए मंत्रालय की 29 जनवरी 2006 को स्थापना की गई।

1.2 इस मंत्रालय का कार्यभार श्री ए.आर. अंतुले, माननीय केंद्रीय मंत्री को सौपा गया है। श्रीमती सरिता प्रसाद, सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को इस मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री एम.एन. प्रसाद, ने इस मंत्रालय में सचिव के पद का कार्यभार दिनांक 01 मार्च 2006 को ग्रहण किया। इसके बाद संयुक्त सचिवों के तीन पद मंजूर किये गये थें। ये संयुक्त सचिव, नीति, आयोजना, समन्वय और मूल्यांकन, संस्थान एवं मीडिया तथा स्थापना और वक्फ स्कंधो का काम देखेंगे। पाँच निदेशक/उप सचिव उनकी सहायता करेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व अल्पसंख्यक प्रभाग का 27 व्यक्तियों का कोर स्टाफ दिनांक 10 मार्च 2006 को इस मंत्रालय में स्थानांतरित किया गया था। इसके अतिरिक्त इस मंत्रालय के लिए 29 अतिरिक्त पदों की मंजूरी दी गई। इस मंत्रालय की स्वीकृत स्टाफ संख्या को दर्शाने वाला एक विवरण **अनुबंध I** पर है।

1.3 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट **अनुबंध II** पर दिया गया है।

कार्यों का आबंटन

1.4 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के पास अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बद्ध समग्र नीति, योजना, समन्वय, निगमित ढ़ाँचे तथा विकासात्मक कार्यक्रमों से संबंधित एक व्यापक चार्टर है। इस मंत्रालय को आबंटित किये गए कार्यों की सूची नीचे दी गई हैः–

1. समग्र नीति, योजना, समन्वय और अल्पसंख्यक समुदायों के नियामक और विकासात्मक कार्यक्रमों का मूल्यांकन और समीक्षा करना।

2. कानून और व्यवस्था के मामलों को छोड़कर, अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित सभी मामले।

3. अन्य केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों के परामर्श से अल्पसंख्यकों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा के लिए नीति की पहल करना।

4. भाषायी अल्पसंख्यकों से संबंधित और भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त के कार्यालय से संबंधित मामले।

5. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम से संबंधित मामले।

6. शरणार्थी सम्पति अधिनियम, 1950 (1950 का 31), (जो अब निरस्त हो गया है) के अंतर्गत शरणार्थी वक्फ सम्पतियों से संबंधित कार्य।

7. एंग्लो–इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व।

8. विदेश मंत्रालय के परामर्श से 1955 के पंत–मिर्जा समझौते के अनुसार पाकिस्तान में गैर–मुस्लिम पूजा स्थलों और भारत में मुस्लिम पूजा स्थलों का संरक्षण और परिरक्षण करना।

9. विदेश मंत्रालय के परामर्श से पडोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित प्रश्न।

10. धार्मिक और धर्मार्थ संस्थान, विभाग में निपटाये जा रहे विषयों से संबंधित धर्मार्थ एवं धार्मिक स्थायी निधि।

11. मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान सहित अल्पसंख्यकों, अल्पसंख्यक संगठनों के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थिति से संबंधित मामले।

12. वक्फ अधिनियम, 1995 (1995 का 43) और केंद्रीय वक्फ परिषद।

13. दरगाह़ ख्वाज़ा साहिब अधिनियम, 1955 (1955 का 36)।

14. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम सहित अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्यक्रमों और परियोजनाओं का वित्त प्रबंध।

15. अल्पसंख्यकों के लिए केंद्रीय और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ–साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर।

16. अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके अल्पसंख्यकों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा के संबंधित उपाय करना।

17. धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों में सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोग।

18. न्यायमूर्ति सच्चर समिति से संबंधित सभी मामले।

19. अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम।

20. अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित कोई अन्य मामला।

विभिन्न अधिनियमों का प्रशासन और कार्यान्वयन

1.5 यह मंत्रालय निम्नलिखित अधिनियमों के प्रशासन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है:–

(i) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992,

(ii) वक्फ अधिनियम, 1995,

(iii) दरगाह ख्वाज़ा साहिब अधिनियम, 1955

आवास

1.6 यह मंत्रालय 19 फरवरी 2007 से पर्यावरण भवन, सीजीओ परिसर, नई दिल्ली में स्थित है।

सरकारी काम में हिंदी का प्रयोग

1.7 रिपोर्ट की अवधि के दौरान, सरकारी काम में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए है। इस मंत्रालय में 14–21 सितम्बर 2006 के दौरान हिंदी सप्ताह मनाया गया था। मंत्रालय ने राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अनुसार महत्वपूर्ण आदेश/अधिसूचना द्विभाषी रूप से जारी किए। इस मंत्रालय ने 14 सितम्बर 2006 को हिंदी दिवस मनाया।

1.8 इस मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया जा सका, क्योंकि वरिष्ठ हिंदी अनुवादक और आशुलिपिक/टंकक की तैनाती अभी की जानी है।

सर्तकता एकक

1.9 श्री ए. लुईखम, संयुक्त सचिव को 10 नवम्बर 2006 से अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें एक निदेशक और एक अनुभाग अधिकारी द्वारा सहायता दी जा रही है। जो अपने अन्य कार्यों के अतिरिक्त इस काम को भी देखते है।

1.10 कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह): मंत्रालय ने देशभक्ति, सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने के लिए 19–25 नवम्बर, 2006 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकीकरण सप्ताह) मनाया।

ई–गवर्नेंस

1.11 मंत्रालय की वेब साईट को यूआरएल www.minorityaffairs.gov.in पर आरम्भ कर दिया गया है। मंत्रालय के कार्यकलापों और कार्यक्रमों के बारे में, मूल सूचना अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु ''प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्रीय कार्यक्रम एवं भारत में मुस्लिम समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति'' पर प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

1.12 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस मंत्रालय से संबंधित सभी मामलों के लिए श्री एस.सी. गुलाटी, उप सचिव को केंद्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया है। श्री सुजीत दत्ता, संयुक्त सचिव को अपीलीय अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है। मंत्रालय ने इस अधिनियम की धारा 4(1) (ख) के अनुसार एक सूचना पुस्तिका निकाली है। इसे इस मंत्रालय की वेब साईट पर उपलब्ध कराया गया है।

बजट

1.13 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए आरम्भ में वर्ष 2006–07 हेतु 2 करोड़ रूपए (गैर योजना) का आबंटन किया गया। चल रही योजनाओं के लिए गैर योजना हेतु 7.49 करोड़ रूपए और आयोजना योजनाओं के लिए 19.89 करोड़ रूपए की राशि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बजट से तकनीकी रूप से अंतरित की गई थी। इसके अलावा अनुपूरक अनुदानों के पहले बैच के माध्यम से 111.00 करोड़ रूपए (योजना) और 3.14 करोड़ रूपए (गैर योजना) की राशि इस मंत्रालय को आबंटित की गई। कार्यक्रम/योजनावार आबंटन दर्शाने वाला एक विवरण **अनुबंध III** पर हैं।

अध्याय 2

विशिष्टिताएं

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम

2.1 अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की घोषणा जून, 2006 में की गई थी।

2.2 इस कार्यक्रम के उद्देश्य ये हैं – (क) शिक्षा के अवसरों को बढ़ाना, (ख) अल्पसंख्यकों के लिए वर्तमान और नवीन योजनाओं के द्वारा, आर्थिक गतिविधियों और रोजगार में, स्वःरोजगार के लिए बढ़ी हुई ऋण सहायता और राज्य और केन्द्र सरकार की नौकरियों में भर्ती में समान हिस्सा सुनिश्चित करने में (ग) ढ़ाँचागत विकास योजनाओं में उनके लिए उचित हिस्सा सुनिश्चित करके अल्पसंख्यकों के जीवन स्तर में सुधार करना, (घ) सांप्रदायिक दुर्भाव और हिंसा का निवारण और नियंत्रण करना।

2.3 इस नए कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यक समुदायों के अलाभान्वित वर्गों तथा पदलितों तक पहुँचाना सुनिश्चित करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यकों तक समान रूप से प्रवाहित होते है, नए कार्यक्रम में विकास परियोजनाओं के कुछ भाग को अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थित करने की व्यवस्था है। इसमें यह भी प्रावधान है कि जहाँ कही संभव हो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्यों और परिव्ययों का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए।

2.4 जैसा कि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम में कहा गया है, अधिकांश योजनाओं के संबंध में, जिनमें यह निर्धारण हो सकता है, वास्तविक लक्ष्यों और वित्तीय परिव्ययों का 15 प्रतिशत का निर्धारण पहले ही कर दिया गया है। ये लक्ष्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों को सूचित कर दिए गए है।

अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों की पहचान

2.5 2001 की जनगणना के आंकडों और पिछड़ापन के मापदंड़ों के आधार पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों के पहचान की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। सूची के एक बार अनुमोदित होने के बाद इन जिलों के पिछड़ेपन की समस्या का समाधान, समुचित सुधारक उपायों के माध्यम से करना संभव हो जाएगा।

अल्पसंख्यकों के भौगोलिक फैलाव पर अंतर मंत्रालयी कार्यदल

2.6 भारत में अल्पसंख्यकों के भौगोलिक वितरण के नीति प्रभावों और, विशेषकर वितरण में शहरी पूर्वाग्रह की मंत्रालय द्वारा विस्तार से जांच की गई है। अल्पसंख्यक जनसंख्या के वितरण के नीति प्रभावों को देखने और आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए नागरिक सुविधाओं का तथा रोजगार संभावनाओं के क्षेत्र में उपयुक्त उपचारी उपायों का सुझाव देने के लिए योजना आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में एक अंतरमंत्रालयी कार्यदल के गठन करने का निर्णय लिया गया है।

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान

2.7 ये प्रतिष्ठान, अपनी संचित निधि पर अर्जित ब्याज में से अपनी योजनाओं का कार्य वहन कर रहा है, जो कि इसकी आय का एकमात्र स्रोत है। यह संचित निधि इस प्रतिष्ठान को योजना सहायता के एक भाग के रूप में दी गई है। इस संचित निधि को वर्ष 2006–07 के दौरान 100 करोड़ रूपए तक बढ़ाया गया है। इस समय प्रतिष्ठान के पास 200 करोड़ रूपए की एक संचित निधि है।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम

2.8 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम के कार्यकरण की संमीक्षा करने और इस निगम के प्रचालनात्मक निष्पादन में सुधार के लिए एक कार्य योजना का सुझाव देने हेतु व्यावसायिक बैंकरों और वित्तीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इस समिति की रिपोर्ट शीघ्र आने की आशा है।

नीति और योजना

2.9 अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण पर कार्यदल ने अगस्त, 2006 में अपना काम शुरू किया था और अक्टूबर, 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इन सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने अपनी वार्षिक योजना 2007–08 और 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012) के प्रस्ताव, योजना आयोग को प्रस्तुत कर दिए हैं।

उच्च स्तरीय समिति

2.10 भारत के मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए न्यायमूर्ति राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री की एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई थी। इस उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री को 17 नवम्बर, 2006 को प्रस्तुत की थी। इस रिपोर्ट को संसद के दोनों सदनों में 30 नवम्बर, 2006 को पेश कर दिया गया है। रिपोर्ट पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग

2.11 धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों में सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान के लिए मानदंड़ निर्धारण की एक विस्तृत जांच करने और शिक्षा तथा सरकारी रोजगार में आरक्षण सहित उनके कल्याण के लिए उपायों का सुझाव देने हेतु न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग की रिपोर्ट 31 मार्च, 2007 तक प्राप्त होने की संभावना है।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

2.12 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा 02 नवम्बर, 2006 को राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के पाँचवें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया गया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की पाँच वार्षिक रिपोर्टें, अर्थात 4वीं, 5वीं, 7वीं, 10वी, और 11वीं रिपोर्ट, जो वर्ष 1996–97, 1997–98, 1999–2000, 2002–03 और 2003–04, से संबंधित थी, की गई कार्रवाई के ज्ञापन

सहित, संसद के दोनों सदनों में पेश कर दी गई हैं। शेष रिपोर्टें वर्तमान सत्र में रखे जाने की संभावना है।

2.13 संविधान (एक सौ तीनवां संशोधन) विधेयक, 2004, लोक सभा में 23 दिसम्बर, 2004 को पेश किया गया था जो राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के संबंध में है। इसके साथ–साथ राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग(निरसन) विधेयक, 2004 भी सदन में पेश किया गया था। यह महसूस किया जाता है कि इस आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किए जाने से अल्पसंख्यकों में अधिक विश्वास का संचार होगा और यह आयोग उनके हितों की सुरक्षा करने में अधिक प्रभावी होगा। इन विधेयकों की जांच करने और उनपर रिपोर्ट देने के लिए इन्हें सामाजिक न्याय और अधिकारिता की स्थायी समिति को भेजा गया था। इस स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा में 21 फरवरी, 2006 को प्रस्तुत की थी। स्थायी समिति की सिफारिशों की सम्बद्ध मंत्रालयों और विभागों के साथ परामर्श करके जांच की गई है और आशा है कि शासकीय संशोधनों को संसद में शीघ्र ही पेश किया जाएगा।

केन्द्रीय वक्फ् अधिनियम, 1995

2.14 इस अधिनियम को और प्रभावी बनाने के लिए, वक्फ् अधिनियम, 1995 की एक विस्तृत समीक्षा भी सरकार के विचाराधीन है।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम

2.15 श्री ए.आर अंतुले, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री की अध्यक्षता में 15 अप्रैल, 2006 को, नई दिल्ली में, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रह रहे कश्मीरी शरणार्थियों (पंडितों) के साथ एक पारस्परिक वार्तालाप सत्र का आयोजन किया गया था।

2.16 लार्ड आदम पटेल के नेतृत्व में ब्रिटिश मुसलमानों के एक छः सदस्यीय शिष्टमंडल ने श्री ए. आर. अंतुले, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से 15 मई, 2006 को भेंट की थी।

अल्पसंख्यक कार्यमंत्री, सचिव तथा बिट्रिश शिष्टमंडल के कुछ सदस्यों के साथ।

2.17 अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित संसद सदस्यों की एक बैठक 05 दिसम्बर, 2006 को संसद सौध में हुई। श्री ए. आर. अंतुले, माननीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की थी।

अध्याय 3

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15–सूत्री कार्यक्रम

3.1 अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए 15–सूत्री कार्यक्रम, मई 1983 में आरम्भ किया गया था। इसे आम तौर पर ''अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15–सूत्री कार्यक्रम'' के रूप में जाना जाता था। भारत के राष्ट्रपति ने संसद के संयुक्त सत्र को 25 फरवरी, 2005 के संबोधन में यह घोषणा की थी कि सरकार, कार्यक्रम विशिष्ट हस्तक्षेपों को शामिल करते हुए अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए 15–सूत्री कार्यक्रम को नया रूप देगी। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2005 को राष्ट्र के नाम अपने भाषण में अन्य बातों के साथ–साथ यह घोषणा की थी कि ''हम अल्पसंख्यकों के लिए 15–सूत्री कार्यक्रम को संशोधित करके नया रूप देंगे। नए 15–सूत्री कार्यक्रम में निश्चित लक्ष्य होंगे, जिन्हें एक विशिष्ट समय सीमा में प्राप्त करना होगा।

3.2 उक्त प्रतिबद्धताओं के अनुसरण में, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की घोषणा जून, 2006 में की गई थी। इस कार्यक्रम के उद्देश्य है; (क) शिक्षा के लिए अवसरों को बढ़ावा, (ख) वर्तमान एवं नई योजनाओं के माध्यम से आर्थिक कार्यकलापों तथा रोजगार में अल्पसंख्यकों के लिए समान भाग तथा रोजगार प्रदान करना, स्व–रोजगार के लिए बढ़ी हुई ऋण सहायता, और राज्य व केन्द्र सरकार की नौकरियों में भर्ती, सुनिश्चित करना है (ग) ढ़ाँचा विकास योजनाओं में उनके लिए उचित हिस्सा सुनिश्चित करने के द्वारा अल्पसंख्यकों के जीवन स्तरों में सुधार करना, और (घ) सांप्रदायिक असामंजस्य तथा हिंसा का निवारण एवं नियंत्रण करना। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15–सूत्री कार्यक्रम की एक प्रति **अनुबंध–IV** पर है।

3.3 इस नए कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य, पद्दलितों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदायों के अलाभन्वित वर्गों तक पहुँचाना सुनिश्चित करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन योजनाओं के लाभ अल्पसंख्यकों को समान रूप से प्रवाहित होते हैं, नए कार्यक्रम में विकास परियोजनाओं का कुछ भाग अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में अवस्थित करने की व्यवस्था है। इसमें यह भी प्रावधान है कि जहाँ कहीं सम्भव हो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्यों और परिव्ययों का 15 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए।

3.4 जैसाकि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री के नए कार्यक्रम में व्यवस्था है, अधिकांश योजनाओं, जिनमें निर्धारण हो सकता है, में वास्तविक व वित्तीय परिव्ययों का 15 प्रतिशत निर्धारण कर दिया गया है। संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यह लक्ष्य सूचित कर दिए गए हैं। जारी किए गए दिशा निर्देशों की एक प्रति **अनुबंध–V** पर है।

अध्याय 4

कोचिंग और सम्बद्ध सहायता की योजना

4.1 अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय, शिक्षा और आर्थिक विकास में अत्यन्त पिछड़े हैं। इन समुदायो से संबंधित अधिकांश उम्मीदवारों को विख्यात इंजीनियरिंग/मेडिकल/बिजनेस कालेज में उचित कोचिंग के अभाव में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले से वंचित किया जाता है। कुछ ऐसे मामले भी है जहाँ अल्पसंख्यक छात्र ऐसे संस्थानों में दाखिला प्राप्त करने में सफल हो गए थे, लेकिन शेष क्लास के साथ बराबरी करने तथा इन पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए उन्हें उपचारी कोचिंग की आवश्यकता है। इसके अलावा, अल्पसंख्यक समुदायों से अनेक उम्मीदवार, सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए उचित कोचिंग के अभाव में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाते है।

4.2 इस योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बद्ध आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों को उनके ज्ञान, कौशलों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सरकारी/निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए सक्षमताओं को बढ़ाने हेतु अवसर प्रदान करके, उन्हें अंडर ग्रेजुएट तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विख्यात संस्थानों में दाखिला दिलाकर उनके ये पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ऐसे सस्थानों में उपचारी कोचिंग दिलावाकर, उनकी सहायता करना है।

4.3 यह चल रही एक योजना है जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से अंतरित हुई है। वर्ष 2006–07 के लिए 1.60 करोड़ रूपए का एक बजटीय प्रावधान है। वित्त वर्ष के अंत तक इन निधियों के उपयोग किए जाने की संभावना है।

अध्याय 5

अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए मैरिट–एवं–साधन आधारित छात्रवृत्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना

5.1 वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण 2006–07 में यह घोषणा की थी कि अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए 20,000 मैरिट–एवं–साधन आधारित छात्रवृत्तियां प्रति वर्ष प्रदान की जायेंगी ताकि वे उच्चतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। तदानुसार एक समुचित योजना तैयार की गई है। इस योजना के प्रावधानों के अनुसार, छात्रों को स्नात्तक तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर समुचित प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में व्यवसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों को जारी रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य शिक्षा के लिए अवसरों को बढ़ाना है, जो 15–सूत्री कार्यक्रम में भी मुख्यतया केन्द्रित है, ताकि अल्पसंख्यक समुदायों से व्यवसायिकों तथा तकनीकी–तंत्रियों की संख्या को बढ़ा कर नौकरी के क्षेत्र में नियोजनीयता को बढ़ाया जाए। इस योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से किया जाएगा। अनुपूरक अनुदानों के माध्यम से वर्ष 2006–07 के लिए मंत्रालय के बजट अनुमानों में 10 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। व्यय वित्त समिति द्वारा इस योजना की सिफारिश की गई है और सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्रतीक्षित है।

अध्याय 6

सांविधानिक / वैधानिक / स्वायत्त निकाय / निगम / आयोग

6.1 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के साथ निम्नलिखित सांविधिक, वैधानिक, स्वायत्त निकाय / निगम / आयोग सम्बद्ध हैः–

- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, नई दिल्ली,
- केन्द्रीय वक्फ परिषद, नई दिल्ली,
- भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त, इलाहाबाद,
- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम, नई दिल्ली,
- मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली,
- राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग, नई दिल्ली

अध्याय 7

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

प्रस्तावना

7.1 भारत सरकार ने जनवरी, 1978 में, अल्पसंख्यकों के हितों के सुरक्षा करने के लिए एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से एक ''अल्पसंख्यक आयोग'' गठित किया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 (एनसीएम अधिनियम, 1992) के अधिनियमन से यह अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय बन गया और इसे ''राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग'' के रूप में पुननामित किया गया। यह अधिनियम जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में लागू है।

7.2 पहले सांविधिक आयोग का गठन 17 मई 1993 को किया गया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 4 के अनुसार प्रत्येक सदस्य, कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए सदस्य होगा।

7.3 भारत सरकार ने 23 अक्टूबर 1993 की अधिसूचना के अनुसार और इस अधिनियम 1992 की धारा 2 (ग) के तहत पाँच धार्मिक समुदायों अर्थात मुसलमानों, ईसाईओं, सिखों, बौद्धों तथा पारसियों को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया है।

आयोग के कार्य

7.4 आयोग के मुख्य कार्य अल्पसंख्यक वर्ग के विकास की प्रगति का मूल्यांकन करना, अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए संविधान द्वारा प्रदत्त और केन्द्र सरकार/राज्य सरकारों द्वारा अधिनियमित विधियों में दिए गए रक्षोपायों के कार्यकरण को मानीटर करना और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों और रक्षोपायों से वंचित करने के संबंध में प्राप्त विशेष शिकायतों की जांच करना है। यह अल्पसंख्यक वर्ग के सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक विकास से संबंधित मुद्दों पर अध्ययन, अनुसंधान और विश्लेषण भी करता है और अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए रक्षोपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सिफारिश करता है।

वर्तमान संघठन

7.5 दिनांक 03 मार्च 2006 को गठित किए गए वर्तमान आयोग में निम्नलिखित सदस्य है:–

1.	श्री मोहम्मद हामि़द अंसारी	:	अध्यक्ष
2.	श्री माइकल पी. पिंटो	:	उपाध्यक्ष
3.	वेन. लामा कोसफेल ज़ोत्पा	:	सदस्य
4.	श्री हरचरण सिंह जोश	:	सदस्य
5.	डॉ. दिलीप पाडागोंकर	:	सदस्य
6.	प्रो. जोया हसन	:	सदस्य
7.	रिक्त*	:	सदस्य

*(स्व. लेफट. जन. (सेवानिवृत्त,) ए.एम. सेठना, 03 मार्च 2006 से 17 अक्टूबर 2006)

7.6 आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को क्रमशः संघ के केन्द्रीय मंत्री तथा राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है।

भर्ती नियम

7.7 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में समूह 'ग' और 'घ' के संबंध में भर्ती नियम 26 अप्रैल 2006 को अधिसूचित कर दिए गए है। समूह 'क' और 'ख' के संबंध में भर्ती नियमों को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, संघ लोक सेवा आयोग तथा विधि और न्याय मंत्रालय के परामर्श से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आयोग की वार्षिक रिपोर्ट

7.8 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 12 के अनुसार, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करके मंत्रालय को प्रस्तुत करता है। इस अधिनियम की धारा 13 के अनुसार, आयोग की वार्षिक रिपोर्ट, और इसमें उल्लिखित केन्द्र सरकार से संबंधित सिफारिशों पर की गई कार्रवाई ज्ञापन, और इन सिफारिशों में से किसी सिफारिश को स्वीकार न किए जाने के कारणों सहित, संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जानी होती है। 1992 के एन.सी.एम. अधिनियम की धारा 9 (3) के अनुसार विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित सिफारिशों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए उन्हें भेजा जाता है।

7.9 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने वर्ष 1992–93 से 2005–06 के लिए तेरह वार्षिक रिपोर्टें प्रस्तुत की है। अल्पसंख्यक आयोग की पहली तीन वार्षिक रिपोर्टें, की गई कार्रवाई के ज्ञापन सहित, इस मंत्रालय के सृजन से पहले संसद के दोनों सदनों में पेश की गई थी। रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने संसद के दोनों सदनों में पहले ही पाँच वार्षिक रिपोर्टो को पेश कर दिया है, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:–

क्रम सं.	वर्ष	इनमें वार्षिक रिपोर्ट पेश करने की तारीख	
		राज्य सभा	लोक सभा
1.	1996–1997	15.05.2006	11.05.2006
2.	1997–1998	18.12.2006	14.12.2006
3.	1999–2000	18.12.2006	14.12.2006
4.	2002–2003	18.12.2006	14.12.2006
5.	2003–2004	18.12.2006	14.12.2006

राज्य अल्पसंख्यक आयोग

7.10 आंध्र प्रदेश, आसाम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तामिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों ने सांविधिक राज्य अल्पसंख्यक आयोगों का गठन किया है। मणिपुर और उत्तराखडं की राज्य सरकारों ने असांविधिक आयोगों का गठन किया है। इस मंत्रालय ने शेष राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को ऐसे आयोगों का गठन करने का अनुरोध भी किया है।

7.11 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने नई दिल्ली में 02 नवम्बर 2006 को राज्य अल्पसंख्यक आयोगों का पाँचवां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन का उदघाटन प्रधानमंत्री ने किया था। इस सम्मेलन में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, गृहमंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री भी उपस्थित थें। प्रधानमंत्री ने अपने उदघाटन भाषण में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए नए 15–सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के विधेयक को यथाशीघ्र अधिनियमित किया जाएगा।

संविधान एक सौ तीनवां (संशोधन) विधेयक, 2004

7.12 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए संविधान एक सौ तीनवां (संशोधन) विधेयक, 2004, लोक सभा में दिसम्बर 2004 को पेश किया

गया था। उपर्युक्त विधेयक को जांच और उस पर रिपोर्ट देने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता की स्थायी समिति को भेजा गया था। इस स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट 21 फरवरी 2006 को लोक सभा में प्रस्तुत की। स्थायी समिति की सिफारिशों की संबंधित मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से जांच की गई है और शासकीय संशोधन शीघ्र ही किए जाने की संभावना है।

अध्याय 8

वक्फ प्रशासन और केंद्रीय वक्फ परिषद्

8.1 वक्फ, इस्लाम को मानने वाले किसी व्यक्ति द्वारा मुस्लिम कानून में पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ माने गए किसी प्रयोजन के लिए किसी चल या अचल संपति का स्थायी रूप से किया गया समपर्ण है ।

8.2 यह मंत्रालय वक्फ अधिनियम 1995 की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी है जिसे 1 जनवरी 1996 को अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम को जम्मू और कश्मीर के अलावा पूरे भारत पर लागू किया गया है । बाईस राज्य अर्थात् आन्ध्रप्रदेश, असम,बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड ,कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखडं और पश्चिम बंगाल और संघ राज्य क्षेत्र अर्थात अंडमान और निकोबार, चंड़ीगढ, दादरा और नागर हवेली ,दिल्ली, लक्षद्वीप और पांड़िचेरी ने इस अधिनियम के अधीन वक्फ बोर्ड़ो का गठन कर लिया है ।

पुथनपल्ली, जरम मदरसा एंव अस्पताल, परीमलाना, मलापुरम (केरल) की विकास परियोजना। (केन्द्रीय वक्फ परिषद् से प्राप्त ऋण सहायता से निर्मित)

मुस्लिम अरेबिक जूनियर हाई स्कूल, उझेरी, जे.पी. नगर (उ.प्र.) का व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र। (केन्द्रीय वक्फ परिषद् द्वारा वित्तपोषित)

केंद्रीय वक्फ परिषद्

8.3 केंद्रीय वक्फ परिषद् एक सांविधिक निकाय है जिसकी स्थापना वक्फ अधिनियम, 1954 की धारा 8 क (अब इसे वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 9 की उप धारा (1) पढ़ा जाए) के अधीन दिसम्बर 1964 में हुई थी । परिषद् में पदेन अध्यक्ष के तौर पर वक्फों का प्रभारी केंद्रीय मंत्री और ऐसे अन्य सदस्य शामिल होते हैं जिन्हें भारत सरकार नियुक्त करती है । इनकी संख्या बीस से ज्यादा नहीं होनी चाहिए । सचिव, केंद्रीय वक्फ परिषद् का मुख्य कार्यपालक होता है । केंद्रीय वक्फ परिषद् का मुख्य प्रकार्य भारत सरकार को देश में वक्फ बोर्ड़ के कार्यचालन और वक्फों के उचित प्रशासन से संबंधित मामलों पर परामर्श देना है । समुदाय को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुददो के अलावा विशेषकर वे मुद्दे जो धार्मिक मामलों यथा मस्जिदों, दरगाहों, प्रशासन और संपत्तियों के उचित प्रबंधन से संबंधित हैं, परिषद् और उसकी समितियां उन पर विचार करती हैं।

8.4 आमतौर पर केंद्रीय वक्फ परिषद् की बैठक वर्ष में दो बार होती है । हालांकि परिषद् की विभिन्न समितियां जितनी बार संभव हो पाता है बैठक करती हैं ताकि कार्यक्रमों के मॉनीटरन, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों, शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास के लिए बनाई गई स्कीमों व शैक्षिक स्कीमों के कार्यान्वयन से संबंधित कार्रवाई की जा सके । समितियां उन्हें सौंपे गए कार्यो को समय समय पर परिषद् के माध्यम से पूरा करती हैं ।

8.5 वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 10(1) के अनुसार परिषद् विभिन्न राज्य वक्फ बोर्ड़ों द्वारा वक्फों की निवल आय के 1% (एक प्रतिशत) की दर से इसे प्रदान किए गए अंशंदान से अपनी आय प्राप्त करती है । परिषद् के सभी प्रशासनिक और अन्य खर्चो की पूर्ति इसी आय में से की जाती है ।

केंद्रीय वक्फ परिषद् द्वारा चलाई जाने वाली स्कीमें

8.6 केंद्र सरकार को वक्फ से संबंधित मामलों पर परामर्श देने के अलावा केंद्रीय वक्फ परि-ाद् को शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास संबंधी स्कीमों और समुदाय के शैक्षिक विकास संबंधी कार्यक्रमों को चलाने का कार्य भी सौंपा गया है । इस का ब्यौरा नीचे प्रस्तुत है

(i) **शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास संबंधी स्कीम**

खाली पड़ी वक्फ जमीन को अधिक्रमणों से बचाने तथा कल्याण संबंघी अधिकाधिक कार्यकलापों के लिए अधिक से अधिक आय प्राप्त करने के लिए इसका वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए विकास करने की दृष्टि से परिषद् इस स्कीम को 1974 75 से चला रही है और केंद्र सरकार इसके लिए वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान करती है । इस स्कीम के अंतर्गत देश के विभिन्न वक्फ संस्थानों को वक्फ भूमि पर आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य परियोजनाएं यथा वाणिज्यिक परिसर, मैरिज हॉल, अस्पताल, शीतागार आदि शुरू करने के लिए ऋण प्रदान किए जाते हैं । इसके लिए केंद्र सरकार ने इस स्कीम के प्रारंभ से लेकर अब तक 28.2036 करोड़ रूपए की सहायता अनुदान राशि जारी की है । परिषद् ने 115 परियोजनाओं के लिए ऋण प्रदान किए हैं । इनमें से 75 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और आय प्रदान कर रही हैं । 16 परियोजनाओं के लिए दिया गया ऋण, निर्णण कार्य के बिना वापस कर दिया गया है तथा पांच परियोजनाओं का कार्य (तीन बिहार में, एक कर्नाटक व एक उड़ीसा में) विभिन्न कारणों के चलते रूका हुआ है तथा 19 परियोजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है । वर्तमान वितवर्ष के लिए किए गए 2.06 करोड़ रूपए बजटीय आबटंन में से 0.73 करोड़ रूपये की राशि परिषद् को जारी कर दी गई है । शेष राशि वर्ष के दौरान दे दिए जाने की संभावना है ।

(ii) **वक्फ संपंतियों के विकास के लिए परिक्रमी निधि से ऋण**

ऋण लेने वाले संस्थानों द्वारा परिषद् को वापस चुकायी गई ऋण राशि से परिषद् की परिक्रमी निधि निर्मित होती है जिसे दुबारा से लगभग 20 लाख रूपए तक के ऋण प्रदान करके वक्फ भूमि पर गौण विकास परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रयोग में लाया जाता हैं। परिषद् ने 86 परियोजनाओं के लिए 4.49 करोड़ रूपए की राशि जारी की है जिनमें से 66 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं और 20 परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ।

8.7 केंद्रीय वक्फ परिषद् को प्राप्त होने वाला सहायता अनुदान, वक्फ संपत्तियों के विकास के लिए निम्नलिखित दो शर्तो के साथ ब्याज मुक्त ऋण के रूप में ऋण लेने वाले वक्फों को प्रदान किया जाता है

(i) वे बकाया ऋण पर शैक्षिक निधि के लिए 6% संदान करेंगे, और
(ii) ऋण की अदायगी के बाद वे अपनी बढ़ी हुई आय में से 40% मुस्लिम वर्ग के लोगों की शिक्षा के लिए खर्च करेंगे विशेषकर तकनीकी शिक्षा के लिए ।

शैक्षिक कार्यक्रम

8.8 कर्जदार वक्फों से शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास की स्कीम के अंर्तगत बकाया ऋण पर प्राप्त 6% संदान और परिक्रामी निधि की बैंक बचतों पर प्रोद्भूत ब्याज को मिलाकर परिषद् की शैक्षिक निधि निर्मित होती है। इस निधि का प्रयोग निम्नलिखित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए किया जाता है।

(क) तकनीकी / वृत्तिक ड़िग्री पाठ्यक्रमों में दाखिला चाहने वाले गरीब विद्यार्थियों को वर्तमान वित वर्ष में प्रति वर्ष 8000/ रूपये की दर से छात्रवृत्ति (जो पहले प्रति वर्ष 6000 रूपए थी) देने के लिए।

(ख) सामान्य डिग्री पाठयक्रमों के गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को वर्तमान वित वर्ष से प्रति वर्ष 3,500 / रूपए (जो पहले 3000 रूपए था) की दर से तदर्थ अनुदान देने के लिए।

(ग) राज्य वक्फ बोर्ड़ो द्वारा अपने अपने राज्यों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को, मदरसों के विद्यार्थियों को तथा तकनीकी / वृत्तिक ड़िप्लोमा पाठयक्रमों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए समान अनुदान की पूर्ति के लिए।

(घ) मुस्लिम जनसंख्या बहुल क्षेत्रों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए अनुदान देने के लिए

(ड.) स्वैच्छिक संगठनों को व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के लिए वित्तीय सहायता, और

(च) पुस्तकालयों को अपना पुस्तक भंड़ार बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता

8.9 परिषद् ने तकनीकी ड़िग्री पाठ्यक्रमों यथा एम बी बी एस, बी यू एम एम , बीए एम एस, बी.टेक तथा बी.एससी (कृर्षि) आदि के विद्यार्थियों के लिए 31 मार्च 2006 तक 10,802 छात्रवृत्तियों के लिए मंजूरी प्रदान की है। इसी प्रकार गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को तदर्थ अनुदान स्कीम के अंतर्गत 3766 मामलों में तदर्थ अनुदान प्रदान किया गया है । 601 स्वैच्छिक संगठनों /तकनीकी संस्थानों को तकनीकी प्रशिक्षण /व्यावसायिक प्राक्षिण के लिए सहायता प्रदान की गई है ।

8.10 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों केगठन के लिए बनाई गई स्कीम में केंद्रीय वक्फ परिषद् ने मुस्लिम जनसंख्या बहुल क्षेत्रों में 13 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

8.11 चालू वित्त वर्ष 2006 2007 के दौरान दिसम्बर 2006 तक परिषद् द्वारा संस्वीकृत /संवितरित राशि का ब्यौरा नीचे दिया गया है -

		संस्वीकृत राशि (लाख रूपए में)
(i)	वृत्तिक /तकनीकी ड़िग्री पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 570 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति	45.60
(ii)	तीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो को अनुदान	16.67
(iii)	दो व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के लिए वित्तीय सहायता	07.50
(iv)	एक पुस्तकालय को वित्तीय सहायता	00.20

वक्फ पर संयुक्त संसदीय समिति

8.12 वक्फ के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जे पी सी) का गठन 2 जनवरी 2006 को किया गया था । पुरानी समिति को 13 वीं लोकसभा को भंग किए जाने के बाद विघटित कर दिया गया था । समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं -

(क) विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा वक्फ अधिनियम,1995 के कार्यान्वयन की प्रास्थिति को सुनिश्चित करना,

(ख) वक्फ अधिनियम 1995 में अनिवार्य लगने वाले सशोंधनों को करने के लिए सुझाव देना ताकि इसके उदृेश्यों को पूरा किया जा सके तथा वक्फ की उस जमीन को छुड़ाया जा सके जिस पर अधिक्रमण कर लिया गया है,

(ग) केंद्रीय वक्फ परिषद् के कार्यचालन की जांच करना और इसके कारगर कार्यचालन के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना, और

(घ) राज्य वक्फ बोर्ड़ो के कार्य चालन की निगरानी और उनके उचित व सुचारू कार्यचालन के लिए उपयुक्त सुझाव देना ।

8.13 समिति, वक्फ मामलों के संबंध में राज्य के प्रतिनिधियों की बात सुनती है और विभिन्न राज्यों का दौरा भी करती है । वर्तमान समिति अब तक रिपोर्ट में निर्दिष्ट वर्ष के दौरान राजस्थान, कर्नाटक, असम और पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुकी है ।

अध्याय 9

ख्वाजा दरगाह साहिब अधिनियम, 1955 का प्रशासन

9.1 राजस्थान के अजमेर शहर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह एक विश्वप्रसिद्व वक्फ है। दरगाह का प्रशासन दरगाह ख्वाजा साहिब अधिनियम, 1955 के नाम के केंद्रीय अधिनियम के अधीन चलाया जा रहा है । दरगाह विन्यास का प्रशासन नियंत्रण और प्रबंध दरगाह ख्वाजा साहिब अधिनियम 1955 के उपबंधों के अनुसार गठित दरगाह समिति में निहित है । समिति के सदस्यों की नियुक्ति अधिनियम की धारा 5 के अधीन केंद्र सरकार द्वारा की जाती है । समिति के सदस्यों की न्यूनतम संख्या पांच और अधिकतम संख्या नौ हैं जिनमें से सभी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त हनाफी मुस्लिम हैं । केंद्र सरकार, समिति से परामर्श करके अधिनियम की धारा 9 के अनुसार दरगाह के नाजिम की नियुक्ति करती है । नाजिम,समिति का पदेन सचिव होता है ।

9.2 दरगाह समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2006-2007 के दौरान दरगाह अतिथिगृह, किराए पर दी गई संपत्तियों और संदानों से लगभग 1.57 करोड़ रूपए की राशि (20 दिसम्बर 2006 तक) प्राप्त की गई है । दरगाह समिति ने वर्ष के दौरान कल्याणकारी गतिविधियों, दरगाह शरीफ की देख रेख और अनुरक्षण पर किए जाने वाले व्यय के लिए 2.13 करोड़ रूपए के बजट को मंजूरी दी है ।

9.3 दरगाह समिति द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में गरीब तीर्थयात्रियों को खाना देना,विधवाओं को वृत्तिका देना, जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, मुफ्त चिकित्सा सहायता देना,लावारिस लाशों को दफन करना, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय चलाना, कम्प्यूटर केंद्र चलाना और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग कक्षाएं चलाना शामिल है।

9.4 ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 794 वां उर्स बड़े ही उपयुक्त ढ़ंग से मनाया गया जिसमें विभिन्न मतों, जातियों व पन्थों को मानने वाले लगभग 9 लाख श्रद्धालुओं ने भारत की इस महान आत्मा को अपने श्रद्वासुमन अर्पित किए । रिपोर्ट में निर्दिष्ट इस अवधि के दौरान विभिन्न संभ्रांत जन,दरगाह का दौरा करने आए ।

अध्याय 10

भाषायी अल्पसंख्यक आयुक्त

10.1 भाषाई अल्पसंख्यकों के आयुक्त का कार्यालय संविधान के अनुच्छेद 350 ख के अनुसरण में जुलाई, 1957 में गठित किया गया था जो राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के बाद बनाए गए सांविधिक(सातवां संोधन) अधिनियम,1956 के परिणामस्वरूप अस्तित्व में आया । अनुच्छेद 350 ख के अनुसार भाषाई अल्पसंख्यकों के आयुक्त का यह कर्तव्य है कि वह संविधान में भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए उपबंधित सुरक्षापायों से संबंधित सभी मामलों की जांच पड़ताल करे और इन मामलों की रिपोर्ट उतने अंतराल पर राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करे जैसा राष्ट्रपति निर्देश दें तथा राष्ट्रपति ऐसी सभी रिपोर्टो को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखने और उन्हें संबंधित राज्यों की सरकारों के पास भेजने का निमित बनेंगे ।

10.2 भाषाई अल्पसंख्यकों के आयुक्त कार्यालय का अपना मुख्यालय इलाहाबाद में है जिसके तीन क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, बेलगांव और चैन्नई में हैं । सी एल एम भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित सुरक्षणों के संवैधानिक उपबंधों और राष्ट्रीय स्तर पर तय की गई स्कीम के क्रियान्वयन के संबंध में आई शिकायतों संबंधी उन मामलों को निपटाता है जो उसकी जानकारी में आते हैं अथवा भाषाई अल्पसंख्यको, राज्य सरकारों और संघ राज्य प्राशासनों के अत्याधिक राजनैतिक और प्रशासनिक स्तरों के समूहों, एसोसिएशनों द्वारा उनकी जानकारी में लाए जाते हैं तथा उन मामलों के संबंध में उपचारी कार्रवाई की सिफारिश करता है ।

10.3 राष्ट्रपति को प्रस्तुत की गई भाषाई अल्पसंख्यकों के आयोग की वर्ष जुलाई 2004 से जून 2005 तक की अविध की 43 वीं रिपोर्ट, क्रमशः 23 नवम्बर और 27 नवम्बर, 2006 को लोक सभा ओर राज्य सभा में पेश की गई है ।

अध्याय 11

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एंव वित्त निगम

11.1 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की स्थापना,अधिसूचित अल्पसंख्यकों के पिछड़े वर्गो में आर्थिक गतिविधियों के संवर्धन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए, 30 सितम्बर, 1994 को की गई थी। यह निगम दोगुनी गरीबी रेखा से नीचे की पारिवारिक आय वाले अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित पात्र लाभग्राहियों को स्वरोजगार कियाकलापों के लिए रियायती वित्त प्रदान करने के द्वारा अपने उदेृश्य की पूर्ति करता है।

11.2 एन एम ड़ी एफ सी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 650 करोड़ रूपये हैं जिसमें से भारत सरकार का शेयर 422.50 करोड़ रूपये (65%) है तथा राज्य सरकार का शेयर 169 करोड़ रूपये (26%) है जबकि बाकी 68.50 करोड़ (9%) का अंदान अल्पसंख्यकों में दिलचस्पी रखने वाली संस्थाओं / व्यक्तियों द्वारा किया जाता है । भारत सरकार ने एन एम ड़ी एफ सी की इक्विटी के लिए अब तक 357.07 करोड़ रूपए दिये है जबकि 94.05 करोड़ रूपए विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा दिये गये है ।

11.3 एनएमडीएफसी के पास परम लाभग्राहियों तक पहुँच के लिए दो चैनल हैं अर्थात (1)संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, द्वारा नामित राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से और (2)गैर सरकारी संगठन के माध्यम से। एससीए विन्डों के तहत प्रत्येक लाभग्राही के लिए पाँच लाख रूपए तक लागत की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है । इसके लिए निधि 3 प्रतिशत ब्याज दर पर एससीए से उपलब्ध कराई जाती है, जिसे लाभार्थियों को लोन देने के लिए 6 प्रतिशत की दर से उपलब्ध कराया जाता है । निगम, मजदूरी रोजगार के साथ-साथ लक्ष्य समूहों की क्षमता निर्माण के लिए एससीए के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षिक ऋण की स्कीम को भी कार्यान्वित कर रहा है ।

11.4 एनजीओ कार्यक्रम के अंतर्गत 25 हजार रूपए तक की माइक्रो क्रेडिट एनजी,ओ,के माध्यम से अल्पसंख्यक स्व सहायता समूहों के सदस्यों को दिया जा सकता है । इस उद्देश्य के लिए एनजीओं को एक प्रतिशत की दर से फंड उपलब्ध कराया जाता है, जिसे वे 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे देते है । लैंडिग कार्यकलापों के अलावा,एनएमडीएफसी,कौशल उन्नयन और विपणन सहायता हेतु प्रशिक्षण में लक्ष्य समूहों को सहायता प्रदान करती है । एनजीओ कार्यक्रम के अंतर्गत स्वसहायता समूहों की उन्नति और स्थायित्व के लिए बिना ब्याज के ऋण (अनुदान के रूप में समायोजित)का भी प्रावधान है।

11.5 एनएमडीएफसी ने हाल ही में राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से एक शैक्षिक ऋण स्कीम प्रारम्भ की है । इस स्कीम के तहत एनएमडीएफसी, व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए अल्पसंख्यकों के योग्य उम्मीदवारों को 3 प्रतिशत के रियायती ब्याज दर पर 2,50,000 रूपए तक उपलब्ध करा सकता है ।

उपलब्धियां

11.6 एससीए कार्यक्रम के तहत एनएमडीएफसी ने दिसम्बर, 2006 तक 25 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्र में फैले 2,15,836 लाभार्थियों को 827.00 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता दे चुका

है। चालू वित्त वर्ष में, 31 दिसमबर, 2006 तक 13,690 लाभार्थियों को 56.05 करोड़ संवितरित किए जा चुके है ।

11.7 एनएमडीएफसी द्वारा यह एनजीओं कार्यक्रम 1998-99 से कार्यान्वित किया जा रहा है। 31 दिसम्बर 2006 तक 88,533 लाभार्थियों को माइक्रों फाइनेंस स्कीम के अंतर्गत कुल 34.98 करोड़ रूपए संवितरित किए जा चुके है । चालू वित्त वर्ष 2006-07 में अर्थात 31 दिसम्बर, 2006 तक 3064 लाभार्थियों के लिए 262.27 लाख की माइक्रो क्रेडिट संवितरित की जा चुकी है।

समीक्षा और पुनर्संरचना

11.8 लक्ष्य समूह के सम्रग आकार की तुलना में एनएमडीएफसी के अब तक के कार्य निष्पादन से एनएमडीएफसी को मजबूत बनाना आवश्यक हो गया है जिससे इसे मध्यस्थता का प्रभावी साधन बनाया जा सके । जबकि सरकार अधिक आर्थिक सहायता देने को प्रतिबद्ध है, राज्य की चैनेलाइजिंग एजेंसियों की कमजोर अवसंरचना इसके कुशलता पूर्वक कार्य करने में प्रमुख बाधा रही है । माइक्रो फाइनेंसिंग के क्षेत्र में कम ब्याज लाभ के कारण अनेक गैर सरकारी संस्थाएं आगे नहीं आ रही है । इस लिए सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के कार्यो की समीक्षा करने के लिए और निगम के प्रचालनात्मक कार्य निष्पादन में सुधार के लिए व्यावसायिक बैंकरों और वित्त विशेषज्ञों से युक्त, कार्य योजना का सुझाव देने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है । इस समिति की रिपोर्ट शीघ्र आने की सम्भावना है ।

अध्याय 12

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान

12.1 मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की स्थापना, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभ के लिए शैक्षिक योजनाओं को तैयार करने और उन्हें लागू करने के लिए सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वैच्छिक, गैर राजनैतिक, गैर लाभकारी संस्था के रूप में वर्ष 1989 में, की गई थी।

12.2 एम ए ई एफ के मुख्य उद्देश्य विशेष तौर पर शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभ तथा सामान्य रूप से कमजोर वर्गों के लिए शैक्षिक स्कीमों और योजनाओं को तैयार करने और उन्हें लागू करना, बालिकाओं को विशेष रूप से आधुनिक शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से, उनके लिए आवासीय स्कूलों की स्थापना करना तथा अनुसंधान को बढ़ावा देना और शैक्षिक तौर पर पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभ के लिए अन्य प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

जनरल बॉडी और गवर्निंग बॉडी

12.3 प्रतिष्ठान की जनरल बॉडी में पन्द्रह सदस्य होते हैं, जिनमें छः पदेन सदस्य और नौ नामित सदस्य होते है। नामित सदस्यों को प्रतिष्ठान के अध्यक्ष द्वारा तीन वर्ष के लिए नामित किया जाता है। अल्पसंख्यक कार्य मामलों के केन्द्रीय मंत्री इस प्रतिष्ठान के पदेन अध्यक्ष है। प्रतिष्ठान के नियमों और विनियमों के अनुसार, जनरल बॉडी की बैठकें कलेंडर वर्ष में कम से कम दो बार होती है। प्रतिष्ठान का प्रबंधन वर्ग, गवर्निंग बॉडी में निहित और उसके अधीन होता है। प्रतिष्ठान के नियमों और विनियमों के अनुसार, गवर्निंग बॉडी की बैठक दो माह में कम से कम एक बार आयोजित की जानी होती है।

स्कीमें

12.4 प्रतिष्ठान में, इसके प्रारम्भ होने से ही, हॉस्टलों के निर्माण और तकनीकी तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के प्रसार के लिए वित्तीय सहायता में वृद्धि की जाती रही है, जिसमें छात्राओं पर अधिक जोर दिया जाता है। इस प्रतिष्ठान द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न स्कीमें निम्न हैः–

(i) स्कूलों/आवासीय स्कूलों/कालिजों की स्थापना/विस्तार करने के लिए वित्तीय सहायता।

(ii) प्रयोगशाला के उपकरण और फर्नीचर आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता।

(iiI) व्यावसायिक/तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र/संस्थानों की स्थापना/सशक्तीकरण के लिए वित्तीय सहायता।

(iv) हॉस्टलों के भवनों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता।

(v) होनहार छात्राओं के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति।

(vi) मौलाना आजाद सदभावना केन्द्र। (ये अब बंद हो गया है)

(vii) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद साक्षरता पुरस्कार।

समग्र निधि

12.5 प्रतिष्ठान में इसकी समग्र निधि पर प्राप्त ब्याज से स्कीमों को कार्यान्वित किया जा रहा है, जो कि आय का एक मात्र जरिया है। समग्र निधि प्रतिष्ठान को योजना सहायता के भाग के रूप में प्रदान की गई है। समग्र निधि, जो आठवीं योजना के दौरान 30.01 करोड़ रू0 थी, वर्ष 1997–98 में बढ़कर 40 करोड़ रू0, वर्ष 2005–06 में 29.99 करोड़ रू0 और 2006–07 में 100 करोड़ रू0 हो गई। इस समय एम ए ई एफ की समग्र निधि 200 करोड़ रूपयें है।

उपलब्धियां

12.6 इसके आरम्भ होने से 31 दिसम्बर, 2006 की अवधि तक, एम ए ई एफ ने स्कूलों/कालिजों/बालिका हॉस्टलों/पोलिटेक्निक/आईटीआई के निर्माण/विस्तार के लिए और उपकरण/मशीनरी/फर्नीचर की खरीद के लिए देश भर में 702 गैर सरकारी संस्थाओं को 91. 81 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं तथा 6986 छात्राओं को 6.98 करोड़ रूपये की छात्रवृत्तियां दी है। राज्यवार सहायता ग्रांट और छात्रवृत्तियों का विस्तृत ब्यौरा क्रमशः **संलग्नक VI और VII** में दिया गया है। कोरपस फंड में वृद्धि होने से, प्रतिष्ठान की वार्षिक आय लगभग 16 करोड़ रूपये होगी। इसलिए यह प्रतिष्ठान अपनी गतिविधियों और दायरे को पर्याप्त व्यापक करेगा।

12.7 मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के कार्यो में जवाबदेही और पारदर्शिता में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं।

(i) स्टाफॅ संरचना को मजबूत किया जा रहा है। पहली बार, प्रशासनिक ग्रेड स्तर के वरिष्ठ अधिकारी को प्रतिनियुक्ति आधार पर प्रतिष्ठान के सचिव के रूप में तैनात किया गया है;

(ii) संगठन अनुसंधान समूह, जो कि एक स्वतंत्र एजेंसी है, को मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिए और इसके कार्यो में सुधार के लिए अपेक्षित आगे की कार्रवाई का सुझाव देने के लिए मूल्यांकन संबंधी अध्ययन करने का कार्यभार सौंपा गया है। अध्ययन की रिपोर्ट शीघ्र आने की आशा है;

(iii) मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के कार्यो में पारदर्शिता और कार्य कौशल को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसके मौजूदा मार्ग निर्देशनों की जांच करने और जहाँ कहीं आवश्यक समझे जाने पर, इसमें परिवर्तनों का सुझाव देने के लिए अपने स्तर पर अध्ययन करने का प्रस्ताव है। विभिन्न स्कीमों के लिए उनकी अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, आवेदनों के प्रस्तुतीकरण, मामलों की प्रक्रिया और मंजूरियों के लिए उपयुक्त अनुसूची/समय सारणी तैयार की जाएगी तथा ऐसा एक कलेंडर प्रकाशित कराया जाएगा। स्कीमों, आवेदनों की स्थिति और लाभग्राहियों को वितरित राशि आदि संबंधी पर्याप्त सूचना वेबसाइट पर डाली जाएगी ; और

(iv) प्रतिष्ठान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उपलब्ध सीमित संसाधनों का नियतन और प्रयोग अल्पसंख्यक समुदायों की जनसंख्या बहुल पिछड़े क्षेत्रों में किया जाता है।

अध्याय 13

राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग

13.1 धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक समुदाय में सामाजिक और आर्थिक रूप में पिछड़े वर्गों के लिए कल्याण संबंधी उपायों की सिफारिश करने के लिए सरकार द्वारा 29 अक्टूबर, 2004 की अधिसूचना के तहत राष्ट्रीय धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री रंगनाथ मिश्र है। आयोग के अन्य सदस्य निम्न है :–

1. प्रो० ताहिर महमूद
2. डा० अनिल विल्सन
3. डा० मोहिन्दर सिंह

श्रीमती आशा दास इस आयोग में 10 मई, 2005 को सदस्य सचिव के रूप में शामिल हुई हैं।

13.2 आयोग के विस्तृत विचारार्थ विषय निम्न हैः–

(क) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए मानदंड का सुझाव देना;

(ख) धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यक वर्गो में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कार्रवाइयों की सिफारिश करना, जिसमें शिक्षा और सरकारी रोजगार में आरक्षण भी शामिल है;

(ग) उनकी सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए यथाअपेक्षित आवश्यक संस्थागत, कानूनी और प्रशासनिक रीतियों का सुझाव देना और उनके विचार–विमर्शों एंव सिफारिशों की रिपोर्ट प्रस्तुत करना; तथा

(घ) आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा और आरक्षित जातियों की सूची में शामिल करने की रीति के संदर्भ में, उच्चतम न्यायालय व कुछ उच्च न्यायालयों में संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के पैरा 3 के विषय में दायर रिट याचिका सं. 180/04 व 94/05 में उठाए गए मुद्दों के बारे में सिफारिशें करना।

13.3 आयोग की रिपोर्ट 31 मार्च, 2007 तक आने की संभावना है।

अध्याय 14

उत्तर पूर्वी राज्यों और सिक्किम में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन

14.1 उत्तर पूर्वी क्षेत्र में निवास कर रहे अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण मुहैया कराने के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम विशेष ध्यान देता है। एन एम डी एफ सी की स्कीमें उत्तर पूर्वी राज्यों में चल रही हैं, किन्तु ये स्कीमें अरूणाचल प्रदेश, मेघालय और सिक्किम राज्यों में लागू नहीं है। राज्य की चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से सावधिक ऋण स्कीम के तहत् 31 दिसम्बर, 2006 तक सम्पूर्ण देश में अल्पसंख्यकों को दिए गए 827.00 करोड़ रूपये के ऋण में उत्तर पूर्वी राज्यों का हिस्सा 69.21 करोड़ रूपये (8.36 प्रतिशत) रहा है। चालू वर्ष में, 19.75 करोड़ रूपये (11 प्रतिशत) का नियतन उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए किया गया है तथा 31 दिसम्बर, 2006 तक 4.00 करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गई है।

अध्याय 15

महिला–पुरूष संबंधी मुद्दे

15.1 इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में कि अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम, महिलाओं की ऋण संबंधी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देता है। यह निगम, माइक्रो–फाइनेंसिग स्कीम चला रहा है। जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित गरीब महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। एन.एम.डी.एफ.सी. को माइक्रो–फाइनेंसिंग स्कीम के मुख्य उद्देश्य एन जी ओ/एस एच जी के माध्यम से महिलाओं को ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के तरीके से उनका सशक्तीकरण करना है। एन.एम.डी.एफ.सी. ने अब तक माइक्रो उधार के अंतर्गत 34.98 करोड़ रूपये से लगभग 88.533 लाभग्राहियों की मद्द की है। लगभग 85 प्रतिशत लाभभोगी महिलाएं हैं।

महिला समृद्धि योजना

15.2 एन.एम.डी.एफ.सी. ने महिला समृद्धि योजना की स्कीम भी प्रारम्भ की हैं। इस योजना के अंतर्गत, महिलाओं को आयपरक गतिविधियाँ चालू करने के लिए 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 25000 रू० तक का अपेक्षित माइक्रो–ऋण देने के बाद, छः माह की अवधि का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है।

15.3 एक वर्ष के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित होनहार छात्राओं के लिए, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा प्रत्येक 10,000/– रूपये की 3000 छात्रवृत्तियाँ मंजूर की गई हैं। इस संबंध में आवेदन प्राप्त हो गए है और वे प्रक्रियाधीन है।

संलग्नक I

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में मंजूर किए गए पदों की संख्या आदि को दर्शाने वाला विवरण

क्रमांक	पद का नाम	मंजूर पदों की संख्या	भरे गए पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
01.	सचिव	01	01	शून्य
02.	संयुक्त सचिव	03	03	शून्य
03.	निदेशक/उप सचिव	05	04	01
04.	अवर सचिव	04	04	शून्य
05.	सहायक निदेशक	02	02	शून्य
06.	अनुभाग अधिकारी	05	04	01
07.	प्रधान निजी सचिव	01	01	शून्य
08.	सहायक	11	11	शून्य
09.	वरिष्ठ अन्वेशक	04	02	02
10.	लेखाकार	01	00	01
11.	आशुलिपिक ग्रेड 'ग'	07	07	शून्य
12.	वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक	01	01	शून्य
13.	आशुलिपिक ग्रेड 'घ'	05	01	04
14.	प्रवर श्रेणी लिपिक/ अवर श्रेणी लिपिक	08	01	07
15.	स्टाफ कार ड्राइवर	02	01	01
16.	चपरासी	11	08	03
	कुल	**71**	**51**	**20**

संलग्नक II



मंत्री
सचिव
संयुक्त सचिव एवं वितिय सलाहकार
निदेशक वित एवं योजना
अवर सचिव (वित)
संयुक्त सचिव (आई.एम.)
उप सचिव (आई.एम)
अनुभाग अधिकारी (सीएलएम)
सहायक निदेशक
संयुक्त सचिव (पी.पी.)
निदेशक (वित)
अवर सचिव (वित एवं योजना)
उप सचिव (व एव सर्त)
अवर सचिव (व एव सत.)
उप सचिव (पी.पी.)
अवर सचिव (जी)
अनुभाग अधिकारी (एम बी)
अनुभाग अधिकारी (रोकड़ व बजट)
अनुभाग अधिकारी(सा)
संयक्त सचिव (प्रशा.)
उप सचिव (प्रशा.)
अवर सचिव (प्र)
अनुभाग अधिकारी(स्थ)
उप सचिव (डब्ल्यू.एनएमडीएफसी एवं सर्त.)
अवर सचिव (व एव सर्त)
सहायक निदेशक (एन एफ डी एस सी)

संलग्नक III

वर्ष 2006–2007 के लिए प्रोगाम/स्कीमवार आबंटन को निर्दिष्ट करते हुए विवरण

		योजना	गैर योजना	कुल
105	**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**			
